प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **पेरिस ओलंपिक में भारत को निशानेबाज मनु भाकर ने दिलाया पहला पदक, दस मीटर एयर पिस्टल इवेंट में जीता कांस्य पदक।**
2. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोगों से की ओलंपिक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए चीयर फॉर इंडिया से जुड़ने और खादी के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील।**
3. **राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संताल परगना क्षेत्र में हो रहे डेमोग्राफी चेंज पर जताई चिंता, राज्य के कई अनुसूचित बहुल गांवों में योजनाओं के संचालन के लिए दिए सुझाव।**
4. **हाईकोर्ट के जोनल जज एस एन पाठक ने लोगों से की नशे के कारोबार को छोड़ मुख्य धारा में शामिल होने की अपील।**

****

पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक मनु भाकर ने दिलाया है। आज दस मीटर एयर पिस्टल इवेंट में उन्होंने दो सौ 21 दशमलव सात अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। मनु निशानेबाजी में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला खिलाडी हैं। निशानेबाजी में भारत ने 12 साल बाद पदक जीता है। इससे पहले, रमिता जिंदल ने महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल्स के फाइनल में जगह बनाई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक तालिका खोलने के लिए मनु भाकर को बधाई दी है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात लोगों से अपने स्थानीय उत्पादों को माई प्रोडक्ट माई प्राइड हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड करने का आग्रह किया।
उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया, जिन्होंने खादी के कपड़े नहीं खरीदे हैं, वे इस वर्ष से इसकी खरीदारी शुरू करें।
प्रधानमंत्री ने लोगों से ओलम्पिक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल मैथमैटिक्स ओलम्पियॉड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की।
श्री मोदी ने **एक पेड़ मां** के नाम अभियान से आम लोगों के जुड़ने पर प्रसन्नता जाहिर की है।

****

विधानसभा के मानसून सत्र का पहला अनुपूरक बजट कल वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव पेश करेंगे। चालू वित्तीस वर्ष के लिए राज्य सरकार का यह पहला बजट होगा। इसी मानसून सत्र में विस्थापन और सुखाड़ पर विशेष चर्चा होगी।

****

मनी लॉन्ड्रिंग केस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई होगी।

ईडी ने 8 जुलाई को यह याचिका दायर की थी, जो जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

****

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संताल परगना क्षेत्र में हो रहे डेमोग्राफी चेंज पर गहरी चिंता व्यक्त की है। आयोग की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों में अनुसूचित जनजाति समाज के लिए चलाए जा रहे योजनाओं के संचालन और उसमें सुधार संबंधी सुझावों को बताया।

****

राज्य के सभी जिलों के अभ्यर्थी अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं और दसवीं श्रेणी के लिए रांची स्थित खेलगांव के स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। सेना भर्ती के दूसरे दिन रविवार को लगभग 645 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। सफल अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से वेरिफिकेशन तथा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के तहत सम्पूर्ण डेटा कम्प्यूटर में दर्ज किया जा रहा है।

****

खूंटी के बिरसा कॉलेज स्थित बहूद्देशीय भवन में आज मेगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान हाईकोर्ट के जोनल जज एसएन पाठक ने उपस्थित लोगों से नशे के कारोबार को छोड़ने की अपील की।

****

देवघर में श्रद्धालुओं का आना जारी है। दूसरी सोमवारी को देखते हुए जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सविधा में जुट गया है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********समाप्त********